धार में अंतरराष्ट्रीय स्तर का तैराकी केंद्र खुलने की तैयारी

जिला प्रशासन और ग्लेनमार्क एक्वाटिक फाउंडेशन की साझेदारी पर चर्चा

धार। धार जिले के युवाओं की खेल प्रतिभा को अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान दिलाने के लिए जिला प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। यहां तैराकों के लिए अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार किया जा रहा स्वीमिंग पूल अब अंतिम चरण में है। इसी को लेकर कलेक्टर प्रियंक मिश्रा से मुलाक़ात करने ग्लेनमार्क एक्वाटिक फाउंडेशन (जीएएफ) के हेड अनुराग खेड़ा अपनी टीम के साथ धार पहुंचे।

तरणताल का निरीक्षण और संचालन की योजना- फाउंडेशन की टीम ने कलेक्टर के साथ मिलकर तरणताल का निरीक्षण किया। इस दौरान अनुराग खेड़ा ने बताया कि मानसून सीजन के चलते फिलहाल संचालन शुरू करना संभव नहीं है, लेकिन आने वाले माहों में इसे ऑपरेशनल करने की योजना बनाई गई है। इस पहल से धार के तैराकों को बड़े स्तर पर एक्सपोजर मिलेगा और वे राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर सकेंगे।

तैराकी को बढ़ावा देने का विजन- अनुराग खेड़ा ने जानकारी दी कि ग्लेनमार्क एक्वाटिक फाउंडेशन उनकी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व शाखा है, जो पूरे देश में तैराकी को खेल के रूप में बढ़ावा देने पर केंद्रित है। उनका उद्देश्य भारत में तैराकी के लिए बेहतर पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करना और खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है।

उत्कृष्टता केंद्रों का नेटवर्क- जीएएफ ने अक्टूबर 2024 से दिल्ली, भुवनेश्वर, तिरुवनंतपुरम और गांधीनगर में उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए हैं। इन सभी केंद्रों में खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय संरचित प्रशिक्षण प्रणाली प्रदान की जाती है, ताकि वे अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयारी कर सकें। अब इसी क्रम में निकट भविष्य में धार में भी एक उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने की योजना है।

धार के युवाओं को मिलेगा बड़ा अवसर

कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने कहा कि धार के युवा बेहद क्षमतावान हैं और सही अवसर मिलने पर वे किसी भी राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीतने में सक्षम हैं। नए स्वीमिंग पूल और फाउंडेशन की विशेषज्ञता से जिले के खिलाड़ियों को अब बड़े स्तर पर अभ्यास और प्रतिस्पर्धा का मौका मिलेगा।

इकतारा बोले
डॉ टी महादेव राव
विशाखापटनम (आंध्र प्रदेश)
9394290204

आज का युग और नल कुबेर

पड़ोसी ज्ञानी दास दशहरे की बधाई देने घर आया गले मिला और बैठा। मैंने भी बधाई दी और अंदर चाय बनाने के लिए कहकर उनके साथ ही बैठा।

राव जी ! हमने रावण का दहन कर तो दिया, लेकिन अपने भीतर के रावण को हम शायद पूरी तरह कभी भी जला नहीं पाते हैं और नतीजतन अनेक कुकर्म करने पर मजबूर होते रहते हैं। कभी-कभी अहम का सिर तो कभी मनमानी करने की आकांक्षा का सिर, कभी शोषण करने का सिर, तो कभी पराई स्त्री गमन की कुबुद्धि का सिर तो कभी सब पर छा जाने और अपने आप को सबसे बेहतर बताने के इच्छा वाला सिर हमारी दुर्बुद्धियुक्त रावणीय प्रवृत्ति के कारण ऊपर उठते हैं। हमें बहुत कुछ बुरा करने पर विवश करते हैं। इससे ही मुक्ति पाना है।

ज्ञानी जी। आपका ज्ञान तो सही बखान कर रहा है लेकिन आपने जो कुबुद्धि बताई वह तो सही है लेकिन मुक्ति पाना, बुरी आदतें छोड़ना जैसी पुस्तकें आदर्शों पर कौन अमल करता है? लगता है यह पर उपदेश कुशल बहुतेरे जे अचरहिं ते नर न घनेरे का उत्तम उदाहरण होगा।

लेकिन राव जी। चर्चा करने में, ज्ञान के आदान प्रदान में क्या बुराई है? कुछ अच्छी बातें करेंगे तो मन को भी अच्छा अच्छा लगने लगेगा।

बात तो आपकी सही है। लेकिन सिर्फ बातें ही बातें कब तक करेंगे अपने नेताओं की तरह लोगों को लुभाने के लिए। उनमें और आम नागरिकों में कुछ तो अंतर रहने दें।

राव जी। चलिए एक हल्का चुटकुला सुनता हूं दशहरे के संदर्भ में। आपने सुना भी होगा शायद।

सुनाइए। श्रोता बनना सदा सुरक्षित होता है।

रावण दहन के बाद सारे चले गए। एक आदमी बचा था जो जलते रावण को देख रहा था। तभी उस आग से रावण की आत्मा बाहर आई और कहा मैंने राम की पत्नी सीता को उठा ले गया था, उन्होंने मुझे मार दिया, किस्सा खत्म। लेकिन मुझे हर साल जलाते हो। मैंने तुम्हारी बीवी को तो नहीं उठा ले गया न। आदमी ने कहा तभी तो हम तुम्हें जलाते हैं।

अच्छा जोक है। एक बात बताएं ज्ञानी जी। भारत में ही नहीं सारे विश्व में स्त्रियों पर जो बलात्कार, अत्याचार हो रहे हैं उन्हें पूरी तरह रोकने का कोई उपाय है?

कानून को कड़ा बनाना होगा। बलात्कारी को देखते ही गोली मार देने की सज़ा तजवीज की जाए तो ये रेप जैसे जुर्म खत्म हो सकते हैं। आपका क्या विचार है राव जी।

मुझे तो लगता है इससे कुछ होगा नहीं सिवाय शोर शराबे के। मेरा खयाल है जिस तरह नलकुबेर ने रावण को शाप दिया। उसी तरह विश्व के सारे पुरुषों को भी शाप दे दिया जाए तो बलात्कार बंद होंगे।

क्या था वो शाप और क्यों दिया था रावण को नलकुबेर ने?

रावण का भाई कुबेर और कुबेर का पुत्र नलकुबेर। नल कुबेर की होने वाली पत्नी रंभा, जो कि रिश्ते में रावणकी पुत्र वधु है, पर मोहित हो रावण अत्याचार करने लगा। नल कुबेर ने वहीं रावण को शाप दिया अगर तुमने किसी भी स्त्री को उसकी मर्जी के बिना छूने की कोशिश की तो तुम्हारे सिर के सौ टुकड़े हो जाएंगे। अगर इसी तरह का शाप दुनिया के सारे मर्दों को दिया जाये तो नारी शोषण और स्त्रियॉं पर अत्याचार बंद होंगे।

राव जी। मैं तो नाम का ज्ञानी हूं आप तो कमाल के ज्ञानी हैं।

धार की युवती की मर्डर मिस्ट्री में खुलासा

बना रही थी शादी का दवाब, प्रेमी ने पिता के साथ मिलकर कर दी हत्या

हत्या को आत्महत्या का रूप देने रचा षडयंत्र, पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने खोले कई राज

धार। अमझेरा में प्रेमी द्वारा प्रेमिका की हत्याि कर उसे आत्महत्या का रुप देने की कोशिश की गई, हत्याीकांड में प्रेमी के पिता ने भी उसका साथ दिया और षडयंत्र पूर्वक पूरे मामले को आत्म हत्यार में बदल दिया, लेकिन प्रेमिका की पीएम रिपोर्ट आने से हत्या-कांड का खुलासा हो गया, पीएम रिपोर्ट में होमीसायडल स्क्रांगुलेशन गला घोटकर हत्याि करना पाया गया। पीएम रिपोर्ट में यह भी पाया गया कि प्रेमिका की मृत्युर से पहले उसके साथ मारपीट भी की गई थी। पुलिस ने मामले में प्रेम पिता राजेश मावी निवासी ग्राम लेडगांव और उसके पिता राजेश पिता अमरसिह मावी निवासी अमझेरा पर हत्याि की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

यह था मामला - शिवानी पिता महेश नागराज त्रिवेदी का प्रेम प्रसंग अमझेरा के लेडगांव निवासी प्रेम पिता राजेश मावी के साथ चल रहा था, शिवानी ने डेढ माह पूर्व अपनी मां ममता त्रिवेदी और सुनील कछावा को बताया था कि 5 से 6 माह से वह प्रेम मावी से प्यासर करती हूं, मैने प्रेम को शादी करने के लिए बोला तो वह आना-कानी कर रहा है, और बोल रहा है कि तुने शादी का दबाव बनाया तो तुझे किसी दिन जान से खत्मश कर दूंगा। प्रेम के इस स्वीभाव से शिवानी मानसिक रुप से परेशान रह रही थी, 8 सितंबर 2025 को वह अपने घर से बि?ना बताए लेडगांव अमझेरा प्रेम मावी के घर चली गई थी। 9 सितंबर को प्रेम और उसके पिता राजेश मावी ने उसके साथ मारपीट की थी। मारपीट की बात भी शिवानी ने अपनी मां ममता को फोन पर बताई थी। 9 सितंबर को शिवानी द्वारा फांसी लगाकर आत्म हत्यो की सूचना परिजनों को लगी जिसके बाद परिजन लेडगांव पहुंचे जहां राजेश मावी के घर शिवानी का शव जमीन पर पड़ा था घटनास्थ्ल पर एक एंगल और पंचरगी साफा भी लटका था साफे का आधा हिस्साह शिवानी की गर्दन से होता हुआ उसके उपर रखा हुआ था। अमझेरा पुलिस ने शव का पोस्टामार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप कर प्रकरण को जांच में लिया था।

गला दबाकर हत्या के बाद आरोपियों ने शव को फंदे से लटकाया- सीएससी अमझेरा से मृतिका शिवानी की पीएम रिपोर्ट आने पर सनसनीखेज खुलासे हुए, पीएम रिपोर्ट में डॉक्टारों ने पाया कि शिवानी की मृत्युं होमीसायडल स्क्रांगुलेशन यानी गला घोटकर हत्याख करना पाया गया। पीएम रिपोर्ट के आधार पर अमझेरा पुलिस ने प्रेम? पिता राजेश मावी और राजेश पिता अमरासिंह मावी के खिलाफ हत्यु सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया। पीएम रिपोर्ट में यह भी पाया गया कि मृतिका के साथ पहले मारपीट की गई थी उसके बाद उसकी गला घोटकर हत्या् की गई है, शिवानी के शरीर पर कई चोट के निशान भी मिले है।

हत्या से पहले की जमकर मारपीट- जांच में पुलिस ने यह भी पाया कि मृतका शिवानी 9 सितंबर को धार से लेडगांव अमझेरा प्रेमी प्रेम मावी से मिलने उसके घर गई थी, जहां प्रेम और उसके पिता राजेश ने उसके साथ जमकर मारपीट भी की थी, मारपीट की बात उसने अपनी मां मामता को भी फोन पर बताई थी, बाद में मारपीट के बाद दोनों पिता और पुत्र ने उसकी गला दबाकर हत्याि कर दी थी, हत्या के बाद आत्म हत्याा की कहानी रचते हुए शव को साफें से बांधकर लटका दिया था, और उसके परिजनों को शिवानी द्वारा आत्ममहत्या् करने की सूचना दी। सूचना पर जब परिजन वहां पहुंचे तो शव जमीन पर पड़ा हुआ था। पुलिस ने मामले में हत्याप का प्रकरण दर्ज किया है, दोनों आरोपी फरार है।

डांडिया के रंग में रंगी मां बाघेश्वरी की पावन धरा

रंग-बिरंगी परिधानों के साथ झिलमिलाती रोशनाई में जमने लगा गरबों का रंग

बाग। शारदेय नवरात्रि पर्व के चलते डांडिया के रंग में रंगी मां बाघेश्वरी की पावन धरा नगर में चारों और गरबों की धूम है । जेसे जेसे समय जा रहा है वैसे वैसे गरबो का रंग भी रंग बिरंगी परिधानों झिलमिलाती रोशनाई में जमने लगा है गरबों का रंग । शाम ढलते ही नगर में रौनक बिखरने लगती है । ओर हर कोई मां की भक्ती में लीन हो जाता है । नगर से बड़ी संख्या में लोग मां बाघेश्वरी देवि जी माता के मंदिर में दर्शन के लिए पहुंच रहे है । हर रोज मां बाघेश्वरी का अलग अलग श्रंग्रार किया जा रहा है । यह दर्शन का सिलसिला शाम 6 बजे से रात्रि दस बजे तक चलता है । मां की आरती के पश्चात प्रसादी का वितरण होता है जिसका लाभ सभी भक्त लेते है उसके बाद ही नगर मे सजे गरबा पांडालों में गरबों की धूम शुरु हो जाती है और हर कोई गरबों के रंग में रंग जाता है रंग बिरंगी परिधानों के साथ गरबा खेलने वालों की पांडालों में भीड़ जमा हो जाती है । ओर उतनी ही देखने वालों की भी भीड़ रहती है जो यह गरबा कहीं देर रात्रि तो कहीं सुबह चार बजे तक चल रहा है ।

नगर में यहां रोशनाई से झिलमिला रहे है गरबा पांडाल- श्री बाघेश्वरी गरबा मंडल गवलीपूरा, माता दरवाजा,श्री बालक गरबा मंडल महाकालेश्वर रोड़,श्री नागेश्वर मंदिर बायपास, माहेश्वरी समाज मुख्य बाजार,शिमला चौपाटी , श्री रणछोड़राय मंदिर,चौहान परिवार लौहार फलिया, बंशी कालोनी, किला कालोनी,प्रजापति समाज, सीरवी मोहल्ला, साई सिटी महिला महिला मंडल, आदि स्थानों पर गरबा पांडाल सजे हैं ।

माता दरवाजा एवं बंशी कालोनी में देर तक सुनाई देति है डांडिया की खनक- नगर में आयोजित दस से पंद्रह गरबा पांडालों मैं कहीं जल्दी तो कहीं देरतक जम रहा गरबों का रंग उसमें नगर के माता दरवाजा और बंशी कालोनी में गरबे अपने चरम पर है और तीन से चार बजे तक यहां मां की भक्ती में डांडिया की खनक सुनाई देती है । वेसे ही यहा देखने वालों की भीड़ भी जमा रहती है । अलग अलग तरह से कहीं प्रकार के यहां गरबा खेला जा रहा है हर गरबा पांडाल में रोज आरती और प्रसादी का वितरण भी किया जा रहा है । गरबा पांडालो में खेलने वालौ के लिए समस्त सुविधा आयोजकों द्वारा दी जा रही है साथ ही आयोजक समिति के सदस्यों द्वारा अपने अपने पांडालों में मुस्तेदी से अपनी पेनी नजर भी रखी जा रही है वहीं बाग का पुलिस प्रशासन भी मुस्तेदी से लगा हुआ है।

अभियान के अंतर्गत कुशाभाऊ ठाकरे मंडल की कार्यशाला संपन्न

आत्मनिर्भर भारत के लिए 'वोकल फॉर लोकल पर देना होगा जोर - परमार

धार। जिला भाजपा कार्यालय पर आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत भाजपा कुशाभाऊ जी ठाकरे मंडल की कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें मंडल प्रभारी पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष बदनावर प्रेमचन्द्र परमार ने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता ज्ञानेंद्र त्रिपाठी , मुन्नालाल राठौड़, शिव पटेल, मंडल महामंत्री श्री सुरेश प्रजापत रॉकी आहूजा मंचासीन रहे।

कार्यशाला के प्रारंभ में समस्त पदाधिकारी ने दीप प्रज्जवलन एवं महापुरूषों को पुष्पांजलि अर्पित की। श्री परमार ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का संकल्प है कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करना है। इस संकल्प को साकार करने हेतु अपनी-अपनी भूमिका निभाएँ।पार्टी के कार्यक्रमों का लक्ष्य कार्यकर्ताओं का निर्माण है। स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत जैसे विचारों से आज की युवा पीढ़ी को अवगत कराना सबसे बड़ी आवश्यकता है और पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती 25 सिंतबर से 25 दिसंबर तक आत्मनिर्भर भारत संकल्प सम्मेलन मंडल स्तर पर आयोजित किया जाएगा। इस दौरान आत्मनिर्भर भारत यात्राओं, कॉलेजों में सेमिनार, त्योहारों पर स्वदेशी सामान खरीदना और उसके लिए प्रोत्साहित करने सहित आदि माध्यमों से हमें आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए 'वोकल फॉर लोकल पर जोर देना होगा, ताकि हम आत्मनिर्भर भारत का निर्माण कर सके। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष चिंटू राठौड़, अभिषेक मिश्रा,नरेंद्र राठौड़,केशव अग्रवाल ,मनीष चौहान,प्रतिभा शर्मा,डॉली जाधव,पपू डामोर, देवेंद्र शर्मा, बाला रोधले, मांगीलाल टाक, सन्नी होड़ा ,अनिल राठौर, प्रकाश टामकिया,भय्यू राम, विष्णु राठौर तथा सभी बूथ अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी व भाजपा परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।। मंच का संचालन मंडल उपाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने किया तथा एवं आभार उपाध्यक्ष प्रतिभा शर्मा ने माना।

शर्मा के सेवानिवृत्त होने पर स्टाफ ने दी विदाई

धार। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नालछा के नेत्र चिकित्सा सहायक विनोद कुमार शर्मा 30 सितंबर 2025 मंगलवार को सेवा निवृत्त हुए। विगत 37 वर्षों से नालछा अस्पताल में कार्यरत होकर अपने सेवा काल में गरीब आदिवासी लोगों के लगभग 16 हजार ऑपरेशन करके रोशनी प्रदान करने में सहयोग किया। श्री शर्मा के सेवानिवृत होने पर ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर जोगिंदर सिंह डावर ने उन्हें शाल श्रीफल भेंट कर विदाई दी। इस अवसर पर चिकित्सालय स्टाफ के कैलाश काजदे, संजय ग्वाल, महेश नादरवाल सहित सभी ने पुष्पमाला पहनाकर स्वागत करते हुए उन्हें विदाई दी। सभी का आभार डॉक्टर चमनदीप अरोरा ने माना।

पात्रता पर्चीधारी परिवारों को सितंबर माह का राशन 5 अक्टूबर तक

धार। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 अंतर्गत सम्मिलित पात्रता पर्चीधारी परिवारों को माह सितम्बर, 2025 का राशन वितरण किया जा रहा है। माह सितम्बर का वितरण 30 सितंबर तक की अवधि में किया जाना था, परन्तु अत्याधिक वर्षा एवं उचित मूल्य दुकान के विक्रेताओं की हडताल होने के कारण पात्र हितग्राही माह सितम्बर, 2025 की खाद्यान्न सामग्री वितरण से वंचित न रहे इसलिये राज्य शासन द्वारा इस संबंध में निर्णय लेते हुए माह सितम्बर, 2025 के राशन वितरण की 5 अक्टूबर तक की गई है। उक्त संबंध कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 अंतर्गत शेष रहे पात्रता पर्चीधारी परिवारों से अनुरोध किया है कि माह सितम्बर, 2025 का राशन दिनांक 5 अक्टूबर, 2025 तक नजदीकी शासकीय उचित मूल्य दुकान पर जाकर प्राप्त कर सकते है।

जीएसटी : विधायक वर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ता ने दुकानदारों-उपभोक्ताओं से किया संवाद

बचत उत्सव के तहत जन जागरण यात्रा निकाली,व्यापरियों की दुकान पर स्वदेशी और नरेंद्र मोदी जी का आभार स्टीकर लगाए

मजबूत अर्थव्यवस्था के साथ आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करेगी जीएसटी – नीना वर्मा

धार। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी के द्वारा जीएसटी दर में किए गए अभिनव परिवर्तन ने देश की आम जनता ओर व्यापारी वर्ग को बड़ी राहत प्रदान की है, साथ ही उनका आव्हान गर्व से कहो हम स्वदेशी है इस मूल मंत्र से स्थानीय व्यापार में रौनक देखने को मिल रही है।

भाजपा द्वारा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती के नेतृत्व में जीएसटी रिफॉर्म जन जागरण अभियान के अंतर्गत स्वदेशी वस्तुओं का क्रय विक्रय करे इस आव्हान को लेकर व्यापारियों एवं उपभोक्ताओं के बीच पहुंचकर संवाद किया। जिसमे विधायक नीना वर्मा भाजपा नेता डॉ शरद विजयवर्गीय नगर मंडल अध्यक्ष विशाल निगम भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ जिला संयोजक मोहित तातेड़ भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा विशेष रूप से कार्यक्रम में शामिल हुए। विधायक नीना वर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर की कपड़ा इलेक्ट्रॉनिक मेडिकल स्टोर छोटे दुकानदारों की दुकानों पर स्टीकर लगाए जिसमें लिखा था घटी जीएसटी मिला उपहार धन्यवाद मोदी सरकार । हर घर स्वदेशी त्योहारों में स्वदेशी का दीप जलाएं अपने जीवन में भी इसे अपनाएं। विधायक नीना वर्मा ने कहा कि जीएसटी में छूट प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता का प्रमाण है। इससे व्यापार में नई ऊर्जा का संचार होगा और आम उपभोक्ताओं को भी वस्तुओं की कीमतों में राहत मिलेगी। मजबूत अर्थव्यवस्था के साथ आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करेगी जीएसटी। जीएसटी बचत उत्सव यात्रा में पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष कालीचरण सोनवानिया देवेंद्र सोनोने मनीष प्रधान दीपक शर्मा अंकित भावसार दीपक बिड़कर अमित शर्मा सुरेश प्रजापत देवेंद्र रावल रॉकी आहूजा हुकुम लश्करी आशुतोष विजयवर्गीय जीवन यादव पंकज जाधव सन्नी होड़ा देवेंद्र शर्मा विजेंद्र सिंह ठाकुर देलमी कमलेश बिजवा शांतिलाल शर्मा पुनीत जैन,शुभम राठौड़ डाली जाधव प्रतिभा शर्मा समेत भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।